### गार्हस्थ्य विज्ञान विभाग (होम इकोनामिक्स डिपार्टमेंट)

*६१. डा० सत्यवादी : क्या खाद्य और कृषि मंत्री २८ अप्रैल, १९५५ को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या २६८० के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्राम सेवकों को प्रशिक्षा देने वाले गार्हस्थ्य विज्ञान विभाग ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है ;

(ख) क्या सहायक अर्थव्यवस्था केन्द्रों की भी स्थापना हो गई है ;

(ग) इन केन्द्रों में अनुसूचित जातियों तथा आदिवासियों में से कितनी महिलायें ली गई हैं ; और

(घ) पहले वर्ष इन केन्द्रों पर कितने व्यय का अनुमान किया गया है ?

कृषि मंत्री (डा० पी० एस० देशमुख): (क) सरकार द्वारा निर्धारित रूपांकनों (डिजाइन्स) के अनुसार राज्य सरकारों ने भवनों के निर्माण का कार्य हाथ में लिया है । प्रशिक्षार्थी चुने जा रहे हैं । मुख्य निर्देशिकाओं ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और सहायक निर्देशिकाओं को नियुक्त किया जा रहा है । ग्राम सेविकाओं का प्रशिक्षण शीघ्र ही आरम्भ होने की सम्भावना है । भोपाल राज्य में स्थापित केन्द्र ने कार्य करना पहले ही शुरू कर दिया है ।

(ख) केवल कस्तूरबा ग्राम के केन्द्र में कार्य शुरू हो गया है ।

(ग) बहुत से केन्द्रों के लिये अभी तक प्रशिक्षार्थी चुने नहीं गये हैं । इसलिये वर्तमान स्थिति में इस बारे में जानकारी, प्रस्तुत करने का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।

(घ) २७,६२,१२५ रुपये ।

**Shri Kamath** : Has the minister received any complaints or reports to the effect that these Village Level-Workers —Gram Sevaks and Gram Sevikas are exploited by Government to work for the ruling party during elections?

**Dr. P. S. Deshmukh** : I repudiate the suggestion.

**Shri Kamath** : May be, but it is a fact.

**Mr. Deputy Speaker** : Does the hon. Member call upon me to decide this matter here?

**Shri Kamath** : No, no.

**The Minister of Food and Agriculture (Shri A. P. Jain)** : These Centres are in the process of being opened and only one centre has been opened a few days ago. There is no question of propaganda.

**Shri Kamath** : I know what happened during the Hoshangabad by-election three months ago?

### Train Accident

*62. **Shri S. N. Das** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that on the 7th May, 1955 a truck-train collision occurred at the railway level-crossing gate on the Allahabad-Jubbulpur section of the Central Railway;

(b) if so, the circumstances in which this accident took place;

(c) the number of persons killed or injured; and

(d) whether any inquiry has been held and if so, with what result?

**The Parliamentary Secretary to the Minister of Railways and Transport (Shri Shahnawaz Khan)** : (a) to (c). A statement furnishing the information is placed on the Table of the House. [*See* Appendix I Annexure No. 18].

(b) An enquiry held was by the Government Inspector of Railways. His provisional finding is that the collision was caused primarily by the Motor Truck driver attempting to cross the line in the face the approaching train.

**Shri S. N. Das** : May I know whether this level-crossing is a manned level crossing?

**Shri Shahnawaz Khan** : It is a manned level-crossing.

**Shri S. N. Das :** May I know whether the gate was closed or open at the time of the accident?

**Shri Shahnawaz Khan :** It should have been open at that time; if it was closed the accident could not have taken place.

**Shri S. N. Das :** May I know whether the person who were on duty at that time have been arrested?

**Shri Shahnawaz Khan :** The final report of the Inspector of Railways has not yet been received.

After the final report is received, I suppose action would be taken.

**Shri U. M. Trivedi :** May I know how long it usually takes for the Government Inspector to submit this report and how many such reports are pending during the last 12 months?

**Mr. Deputy-Speaker :** That is a general question. So far as this case is concerned the hon. Minister must be able to answer as to how long this matter has been pending.

**Shri Shahnawaz Khan :** The accident took place on the 7th of May. The enquiry of the Government Inspector of Railways commenced on the 12th of the May. It finished on the 14th and he submitted his provisional findings on the 16th of May.

**Shri Raghunath Singh :** What about the final report?

**Shri Shahnawaz Khan :** The final report has not yet been received. I might add that the Government Inspector of Railways is not under the Ministry of Railways. He is under the Ministry of Communications.

**Shri B. S. Murthy :** May I know whether, in the provisional report of the Government Inspector, it is stated that the gate was closed or was opened at the time of the accident?

**Shri Shahnawaz Khan :** The gate was open.

## बद्रीनाथ-धाम हवाई अड्डा

*६३. **श्री नवल प्रभाकर :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार बद्रीनाथ धाम में एक हवाई अड्डा बनाने का है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर अनुमानतः कितना व्यय होगा ?

**संचार उपमंत्री (श्री राज बहादुर) :** (क) नहीं, श्रीमान् जी ।

(ख) प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता ।

**श्री नवल प्रभाकर :** क्या मैं जान सकता हूं कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने इस तरह का कोई सुझाव केन्द्रीय सरकार के सामने रखा है ?

**श्री राज बहादुर :** जहां तक हमको मालूम है ऐसा कोई सुझाव नहीं आया, और इतनी ऊंचाई पर ऐसा ऐअरोड्रम बनाना सम्भव भी नहीं प्रतीत होता ।

**श्री भक्त दर्शन :** क्या माननीय उपमंत्री ने कभी इस सुझाव पर विचार किया है कि अच्छा हो यदि वह स्वयं जा कर के परिस्थिति का अध्ययन करें और देवता के दर्शन भी कर लें ।

**श्री राज बहादुर :** मैं उनके सुझाव का हृदय से स्वागत करता हूं किन्तु मैं इस विषय में कोई विशेषज्ञ नहीं हूं । पर मैं निवेदन करूंगा कि १०,००० फुट की ऊंचाई पर हवाई अड्डा बनने के लिये जितनी लम्बाई की जरूरत होती है वह यदि सी लेवेल पर हवाई अड्डा बनाया जाय तो उस से दूनी होती है । साथ ही वहां ६, ७ मील के दायरे में बड़े ऊंचे ऊंचे पहाड़ हैं, इसलिये वहां हवाई अड्डा बनाना कठिन है । जब तक कि हेलीकाप्टर के तरीके के जहाजों का प्रचलन नहीं होता तब तक इस सवाल पर विचार करना सम्भव नहीं मालूम होता ।

**श्री भक्त दर्शन :** क्या इस सुझाव पर भी विचार किया गया है कि अगर बड़े जहाजों के उतरने के लिये स्थान नहीं मिल सकता तो हेलीकाप्टर जैसे जहाजों का प्रबन्ध किया जाये ?